Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:31 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 252 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

प्रियंका चोपड़ा ने उठाया टाइगर...पेज-3 पर

उत्तराखंड में पीएम मोदी का बड़ा वादा

तीसरे कार्यकाल में बिजली का बिल शून्य करेंगे: मोदी

हल्द्वानी/रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चुनाव रैली का मोदी मैदान में भव्य आयोजन हुआ और हजारों लोगों ने अपने प्रिय नेता मोदी को सुना। प्रात: से ही हजारों की संख्या में समर्थक मोदी मैदान में एकत्र हों गये। अपने ओजस्वी भाषण की शुरुआत मोदी ने इस प्रकार की कि इतनी भीषण धुप के बाद भी हजारों कि संख्या में लोगों को देखकर में इसे प्रचार सभा कहू या विजयसभा। उन्होंने कहाँ कि में जनता कि इस तपस्या को बेकार नहीं जाने देंगे और इसे विकास के रूप में वापस लोटाएंगे। मोदी ने कहाँ कि देवभूमि में आने पर अपने को धन्य महसूस करता हूं। उत्तराखंड का विकास भाजपा कि प्राथमिकता है। उत्तराखंड कि जनता भाजपा के साथ खड़ी है और भाजपा कि नीयत पर उसे विश्वास है, क्योंकि नियत सही तो नतीजे भी सही होते है। उत्तराखंड को तीसरी बड़ी ताकत बनाने का लक्ष्य लिया है और यह मोदी कि गारंटी है। मोदी ने कहाँ कि मेरा लक्ष्य है 24 घंटे बिजली और जीरो बिल हों। इसके लिए योजना शुरु की गयी है सभी को सोलर योजना से जुड़ना चाहिये। महिला स्वयं सहायता समूह को लाखों का ऋण देकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुये मोदी ने कहा कि कांग्रेस का भरोसा लोकतंत्र में नहीं है। कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में डूबी है और उत्तराखंड कि जनता कांग्रेस के सत्य को जानती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ मैदान में है तो बाकि दल भ्रष्टाचारियो का समूह है। इस चुनाव में देश कि जनता ने इनको साफ करने का मन बनाकर मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प ले लिया है। सभा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद प्रत्यासी अजय भट्ट सहित अनेको वक्ताओं ने सम्बोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, अजय टम्टा, केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्या,विधायक बंशीधर भगत, अरविन्द पाण्डेय, शिव अरोरा, राम सिंह केडा, डॉ मोहन बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला प्रभारी कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष नैनीताल व उधमसिंह नगर सहित प्रमुख प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा

मैदान में बैठे लोगों को धूप लगने पर पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ के लिए पंडाल छोटा पड़ गया है। जितने लोग अंदर बैठे हैं उससे ज्यादा लोग बाहर धूप में तप रहे हैं। हमारी व्यवस्था में कुछ कमी रही इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। मैं इसे विकास कर करके लौटा दूंगा। आपके प्यार के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। कहा कि यह चुनावी सभा भी ऐसे क्षेत्र में हो रही है जिसे मिनी इंडिया कहा जाता है। कहा कि यह देवभूमि और मिनी इंडिया का ही आशीर्वाद है कि वह उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का जो प्रेम जग जाहिर है। हमें उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाकर सबसे आगे लेकर जाना है।

तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, मची अफरातफरी

देहरादून

हमारे संवाददाता

चकराता के पास म्यूँद्धा गांव में एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख कमरे में सो रही महिला चीखती हुई बाहर दौड़ी।

चकराता के तहसील अंतर्गत म्यूँद्धा गांव निवासी टीकम सिंह चौहान के देवदार की लकड़ी से बने तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। पीड़ित भवन स्वामी टीकम सिंह चौहान ने बताया है कि घटना के समय उनकी मां मकान के आखिरी कमरे में सो रही थी, आग की लपटों से निकल रहें धुआं और दुर्गंध आने से अचानक से उनकी आंख खुली तो आग की लपटे देखकर दंग रह गई।

उन्होंने बताया कि बाहर निकलने के लिए मकान की दोनों साइड पर दरवाजे बने होने से मां दूसरे रास्ते से बाहर निकल गई। पास के दूसरे मकान में परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। मां ने शोर मचाकर सभी को जगाया। लेकिन तब तक आग ने मकान को अपने आगोश में ले लिया था। परिवार के सदस्यों सहित सभी ग्रामीणों ने पानी की बाल्टी से आग पर काबू करने की कोशिश की गई। गनीमत रही की आसपास के मकान तक पहुंचने से पहले ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया।

सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे राजस्व उपनिरीक्षक जयालाल शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मकान में आग लगने का कारण बिजली की तार में शॉट सर्किट है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार की लिखित तहदीर आने पर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारीयों को प्रेषित की जाएगी।

उत्तरात्तखंड परिवहन नीर की खाद्य सुरक्षा अधिकारी से कराएंगे जांच

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में पिलाया जा रहे पानी की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। इस मामले में रोडवेज प्रबंधन की ओर से पानी की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा है। फिलहाल बसों में पानी की आपूर्ति रोक दी गई है।

गौरतलब है कि रोडवेज प्रबंधन की ओर से प्रदेश ार में चलने वाली वाल्वो बसों में यात्रियों को पानी की बोतल उपलब्ध कराई जाती है। इसके ऐवज में 13 रुपये का शुल्क भी लिया जाता है। यह पानी उत्तरा ांड परिवहन नीर नाम से पंजीकृत फर्म उपलब्ध कराती है। पिछले दिनों हल्द्वानी में वाल्वो बस में दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर हंगामा ाड़ा हो गया था। एक बार फिर बीते सोमवार की रात वाल्वो बस में दूषित पानी की बोतलें पहुंच

गई। इसे लेकर फिर ऐतराज जताया गया। इधर आज मंगलवार सुबह दिल्ली रूट पर जाने वाली तीन वाल्वो बसों में उत्तराखंड परिवहन नीर की आपूर्ति नहीं की गई। इधर हल्द्वानी डिपो एआरएम एसएस बिष्ट ने बताया कि जनस्वास्थ्य को देखते हुए पानी की जांच के लिए ाद्य सुरक्षा अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा है। इसके बाद पानी की शुद्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

एआरएम ने बसअड्डे में जांचीं पेटियां: एआरएम बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी बस अड्डे स्थित उत्तराखंड परिवहन नीर की दुकान से पानी की जांच की गई। इस दौरान वहां रखी तमाम पेटियों की जांच की गई।

रोडवेज बसों में उत्तराखंड परिवहन नीर की आपूर्ति की जाए ठप

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी, काठगोदाम आदि डिपो से चलने वाली वाल्वो बसों में यात्रियों को एक फर्म पानी की बोतलें मुहैया कराती है। जब पानी की शुद्धता पर सवाल खड़े हुए हैं तो प्रदेशभर में उत्तराखंड परिवहन नीर की आपूर्ति ठप कर दी जानी चाहिए।

भेजा पत्र

- वाल्वो बसों में पानी की आपूर्ति फिलहाल रोकी

जनसंपर्कः भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के रोड शो में उमड़ी भीड़

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल- ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सोमवार को नैनीताल में रहे। इस दौरान भट्ट ने अपने समर्थकों के साथ तल्लीताल स्थित धर्मशाला से मालरोड तथा बड़ा बाजार क्षेत्र में रोड शो कर भाजपा पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने नैनीताल के साथ ही ज्योलीकोट तथा उसके लगे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया।

इस दौरान अजय भट्ट ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है और भाजपा 400 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड की जनता से अटूट प्रेम है जिसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से 2 अप्रैल (आज) को उधम सिंह नगर पहुंच रहे हैं और उत्तराखंड की जनता को संबोधित करेंगे। कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से खुश होकर आज

देश की जनता पार्टी से तेजी से जुड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर रही है। इस दौरान अजय भट्ट ने कहा की केन्द्रीय प्रदेश नेतृत्व का आभारी है कि उन्होंने दोबारा से सांसद का चुनाव लडने और जनता की सेवा करने का मौका दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में पहले से अधिक चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। जनता ने इस बार के चुनाव को पूरी तरह से अपने हाथों में ले लिया है। जन समर्थन के दौरान सैकड़ों हजारों की संख्या में जनता उनसे मिलने पहुंच रही है। जिससे स्पष्ट है कि 400 पार का नारा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है उससे अधिक सीटों पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीत दर्ज करेगी और जीत का अंतर 5 लाख मतों से अधिक का होगा। जनता पलक बिछाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए तैयार है।

ज्योलीकोट में नैनीताल- भाजपा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने अबकी बार 400 पार की भाजपा की मुहिम को सफल बनाने की अपील करते भुजियाघाट दो गांव, आम पड़ाव, ज्योलीकोट, बेलूवाखान तथा बल्दियाखान में जनसंपर्क करते भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। भट्ट ने कहा कि देश प्रदेश का विकास भाजपा की सरकार में ही संभव है। इस दौरान भलयुटी की ग्राम प्रधान रजनी रावत ने एक दर्जन से ज्यादा समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान गौरांग रघु,विधायक सरिता आर्य, संजय वर्मा,किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र नेगी, पुष्कर जोशी, हरगोबिंद रावत, कैलाश जोशी, चंद्रशेखर भट्ट, सुरेश उप्रेती, लक्ष्मण जीना, दीवान अधिकारी, हेम चंद्र आर्य, आलोक बोरा, गोपाल सिंह रावत, मनोज जोशी, प्रकाश आर्य, संदीप गोस्वामी तथा सिद्धार्थ बोरा कई ग्राम प्रधान व कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगो ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का दामन छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने अपने क्षेत्र के दो दर्जन लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।

आदि कैलाश यात्रा का शुभारंभ नैनी सैनी परिसर में पौधरोपण

पिथौरागढ़/नैनीताल

हमारे संवाददाता

पवित्र आदि कैलाश यात्रा के हवाई दर्शन का शुभारंभ सोमवार को नैनी सैनी से हो गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने प्रातः 14 सदस्यीय यात्री दल को हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय बचाओ शपथ दिलाई साथ ही नैनी सैनी परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

इस मौके पर गुरुरानी ने कहा कि इस बार से सडक़ मार्ग से बहुत ज्यादा यात्री आएंगे वहीं जो यात्री सडक़ मार्ग से नहीं जा सकते हैं वह हेलीकॉप्टर सेवा का आनंद उठाएंगे। उन्होंने हैली सेवा प्रारंभ करने के लिए उत्तराखंड सरकार के साथ.साथ पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे तथा कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी का विशेष आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में रुद्राक्ष कंपनी के कर्मचारी तथा ट्रिप टू टेंपल के निदेशक विकास मिश्रा समेत जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य समेत कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों द्वारा यात्रियों का कुमाऊनी संस्कृति के तहत स्वागत किया गया।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ब्यूटीशियन कोर्स शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला परिषद की नैनीताल शाखा की ओर से सोमवार को बेरोजगारी के इस दौर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के विशेष मकसद से 6 माह के ब्यूटीशियन कोर्स शुरु कर दिया गया है। कोर्स का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो.शर्मा ने परिषद के द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। प्रो.शर्मा ने सभी प्रशिक्षार्थियों का आवाहन किया कि वह ब्यूटीशियन का कोर्स करने के उपरांत स्वयं स्वरोजगार से जुड़े तथा और लोगों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने मुख्य अतिथि प्रो.शर्मा समेत आमंत्रित जनों, संस्था के प्रतिनिधियों व प्रशिक्षणार्थियों का परिषद परिवार की ओर से स्वागत किया तथा वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस मौके पर अखिल भारतीय महिला परिषद की स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य विश्ना शाह परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संस्था वर्ष 1990 से लगातार सामाजिक सरोकारों से संबंधित कार्य करते रही है।

जिसमें स्वास्थ्य चिकित्सा, विधिक शिक्षा, जागरूकता अभियान, सिलाई विनाई तथा ब्यूटीशियन जैसे प्रशिक्षण देते आ रही है। बताया कि सोमवार से शुरु होने जा रहे 6 मासीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण में 30 महिलाओं को संस्था प्रशिक्षण देगी। इस मौके पर भावना भट्ट , रेखा त्रिवेदी, डा. सरस्वती खेतवाल, मीनू बुधलाकोटी, तारा बिष्ट, रेखा पंत, आफ रीन, तारा राणा, तारा बोरा तथा दया बहुगुणा आदि उपस्थित रहे। संचालन सचिव ममता पांडे ने किया।

NEWS / फटाफट

भाजपा से जुड़ने की बात सरासर निराधारः टंडन

नैनीताल। मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक व अध्यक्ष पुनीत टंडन ने प्रेस को जारी एक बयान में स्पष्ट किया है कि उनकी ओर से भारतीय जनता पार्टी का पटका पहन कर पार्टी से जुडने की बात विभिन्न माध्यमों से सामने आ रही है जो सरासर निराधार है। कहा कि उनकी ओर से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का मल्लीताल बाजार में भ्रमण के दौरान उन्होंने व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए आगे के लिए भट्ट को मुबारकबाद दी।

समाजसेवी नरदेव शर्मा के निधन पर शोक



नैनीताल। नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री मां दुर्गा पूजा कमेटी के महासचिव व समाजसेवी नरदेव शर्मा (55) का सोमवार को दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही नैनीताल शहर में शोक की लहर छा गयी। बता दें शर्मा अपने पीछे पत्नी चित्रा शर्मा समेत पुत्र यश शर्मा और पुत्री पूजा शर्मा को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक उनका बीते दो माह से दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था, उपचार के दौरान ही उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन पर दुर्गा पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों तथा नगर की जनता ने गहरा दुख जताया है।

ट्रकों से मलबा फेंकने का आरोप लगाया

नैनीताल । नैनीताल के एक अधिवक्ता ने नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में हनुमानगढ़ी के समीप सीवर प्लांट के ऊपरी क्षेत्र में ट्रकों से मलबा फेंकने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता की ओर से समीपवर्ती गांवों को खतरा बताते हुए सीएम पोर्टल में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता रवि बिष्ट ने सीएम पोर्टल में शिकायत करते हुए कहा है कि बीते लंबे समय से नैनीताल हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के ऊपरी क्षेत्र में ट्रक व पिकअप में लंबे समय से बिल्डिगों का मलबा फेंका जा रहा है। जो बरसात में बहकर नीचे सीवर प्लांट से होते हुए ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंच सकता है। जिससे रूसी बाईपास में बने पुल व ग्रामीण क्षेत्र को खतरा हो सकता है। पूर्व में भी सौलिया गांव में मलबे से नुकशान हुआ था। अधिक्ता ने सडक़ किनारेए जंगल व सीवर प्लांट के ऊपर बिल्डिगों का मलबा फेकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप

नैनीताल। जिला मुख्यालय नैनीताल में नेपाली नागरिकों की ओर से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। मल्लीताल निवासी युवक पवन जाटव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सूबे के मुख्य सचिव को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि मल्लीताल निवासी पवन जाटव ने मुख्य सचिव उत्तराखंड को शिकायती पत्र लिखते हुए कहा है कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल व ग्राम सभा खुर्पाताल तथा बजून चौराहे के पास पटवारी चौकी के समीप पास नेपाल के 20 से 25 परिवार रह रहे हैं। इनकी ओर अवैध तरीके से सरकारी व नजूल भूमि पर कब्जा कर वहां पर रहने का स्थान बना लिया है। इन लोगों ने बिना नागरिकता लिए अवैध तरीके से यहां आधार कार्डए वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा स्थाई निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड व स्वास्थ्य कार्ड बना लिए हैं,यही नहीं वोटर लिस्ट में भी इनका नाम चढ़ाकर तथा बिजली व पानी के कनेक्शन भी दे दिए गए हैं। पवन जाटव ने नैनीताल में इन सभी का सत्यापन कर दस्तावेजों की जाँच करने की मांग की कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

पूर्व राष्ट्रपति पहुंचे दून, बौद्ध धर्म और सामाजिक सहभागिता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल

देहरादून

हमारे संवाददाता

थेरवाद बौद्ध धर्म और सामाजिक सहभागिता पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वं राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आंतरिक शांति, मन की स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में इस प्राचीन अभ्यास के प्रभाव के बारे में बताया।

आत्म खोज और आंतरिक शांति के लिए ध्यान का गहरा महत्व है। यह कहना है पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का। उन्होंने यह बात राजपुर रोड में आयोजित थेरवाद बौद्ध धर्म और सामाजिक सहभागिता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में 11 देशों से आए बौद्ध भिक्षुओं एवं विद्वानों ने प्रतिभाग किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बौद्ध धर्म के दार्शनिक आधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आंतरिक शांति, मन की स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में इस प्राचीन अभ्यास के प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने अमृत उद्यान में उनके कार्यकाल में लगाए बोधगया महाबोधि वृक्ष के बारे में भी जानकारी दी।

बौद्ध दर्शन के सार के बारे में बताया राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुद्ध की शिक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डाला व बौद्ध देशों में उनकी यात्राओं का जिक्र किया। व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से राज्यपाल ने आधुनिक जीवन की जटिलताओं को सुलझाने में इसके कालातीत ज्ञान और व्यावहारिकता को स्पष्ट करते हुए, बौद्ध दर्शन के सार के बारे में बताया।

राज्यपाल ने कहा, इस धर्म के महात्मा और गुरुओं के मार्गदर्शन में बुद्ध के मूल सिद्धांतों को जो अपनाता है, वह लोगों को सुख, शांति, और आत्म-समर्पण की अनुभूति कराता है। थेरवाद बौद्ध धर्म का महत्व ध्यान और उसकी महत्ता में है। ध्यान का अभ्यास इस धर्म के अनुयायियों को अपने जीवन को सार्थक और समृद्ध बनाने के लिए एक मार्गदर्शक द्वार साबित होता है।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

मिल गया मुद्दा

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड के मामले में सख्त टिप्पणी करके आग में घी डालने का काम किया है। आरोप-प्रत्यारोप पर मतदाता ध्यान नहीं देता है और वोट देते समय किसी लहर से बहुत कम प्रभावित होता है। विपक्षी पार्टियां मजबूत गठबंधन नहीं बना सकीं। सीटों का बंटवारा भी नहीं कर सकीं। भाजपा हर मामले में आगे है। गठबंधन के घटक दलों से सीटों के बंटवारे में सफलता मिली है। चुनावी समीकरण हल करने पर भाजपा द्वारा अकेले ही पूर्ण बहुमत हासिल करने की उम्मीद है। गठबंधन के अन्य दलों के उम्मीदवार भी जीतने वाली सीटों से ही मैदान में उतरे हैं। चुनाव के लिए चंदा हमेशा लिया जाता है।

भारतीय जनता पार्टी के पास सरकार की उपलब्धियों की लम्बी सूची है। इनकंबेंसी की कोई गुंजाइश नहीं है। उपलब्धियों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा चमत्कारी चेहरा है। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ ही दर्जनभर से अधिक राज्यों में विधानसभा चुनाव भी मोदी के चेहरे पर जीते गये हैं। राज्य सरकारों की उपलब्धियों का लेखाजोखा पेश न करके मोदी की जनसभाओं को सफल बनाने पर जोर लगाया जाता है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता केन्द्र की मोदी सरकार के कामों का उल्लेख करते हैं। वर्ष 2014 में कांग्रेस के घोटालों को मुद्दा बनाया गया था और करीब तीन दशक बाद केन्द्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी। वर्ष 2019 में भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों के साथ भ्रष्टाचार मुक्त और घोटाला रहित सरकार को मुद्दा बनाया। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं था। प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ बोलते हुए जबान फिसल जाने पर अमर्यादित शब्द निकल जाते थे और विपक्ष अपने ही जाल में फंस जाता था। इलेक्टोरल बॉण्ड का मुद्दा विपक्ष के खाली हाथों को चुनावी जंग में हथियार जैसा मिल गया है। कांग्रेस का कहना है कि स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला चुनावी बॉण्ड है। जिन कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड के जरिये भाजपा को हजारों करोड़ रुपये का चंदा दिया है, विपक्ष का कहना है कि उन कंपनियों ने सरकार से फायदा उठाया है। विभिन्न कामों के ठेके मिले हैं। उत्तराखंड में सुरंग हादसे में फंसे 41 कर्मचारियों का मामला कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस का कहना है कि सुरंग बनाने वाली कंपनी ने करोड़ों रुपये का चंदा दिया तो उसे ठेका मिला। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड के मामले में सख्त टिप्पणी करके आग में घी डालने का काम किया है। आरोप-प्रत्यारोप पर मतदाता ध्यान नहीं देता है और वोट देते समय किसी लहर से बहुत कम प्रभावित होता है। विपक्षी पार्टियां मजबूत गठबंधन नहीं बना सकीं। सीटों का बंटवारा भी नहीं कर सकीं। भाजपा हर मामले में आगे है। गठबंधन के घटक दलों से सीटों के बंटवारे में सफलता मिली है। चुनावी समीकरण हल करने पर भाजपा द्वारा अकेले ही पूर्ण बहुमत हासिल करने की उम्मीद है। गठबंधन के अन्य दलों के उम्मीदवार भी जीतने वाली सीटों से ही मैदान में उतरे हैं। चुनाव के लिए चंदा हमेशा लिया जाता है। यह भी सच है कि कालेधन का सबसे अधिक इस्तेमाल चुनाव में होता है। कांग्रेस और अन्य पार्टियां भी चुनाव के लिए चंदा ले रही हैं। सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा मिलना स्वाभाविक है और उस चंदे के बदले फायदा उठाना कोई नई बात नहीं है। यदि सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार नहीं किया होता तो मामला खुलता नहीं।

डीएम ने किया चौड़ीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उच्च न्यायालय में नैनीताल की ट्रैफिक व्यवस्था के विषय में योजित जनहित याचिका के दृष्टिगत किए जा रहे उपायों के क्रम में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को नगर के डीएसए मैदान पार्किंग तथा मल्लीताल में रिक्शा स्टैंड के साथ ही बारापत्थर में किया जा रहे सडक् और चौराहों के चौड़ीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय में एक याचिका नैनीताल की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गतिमान है।

कहा कि नैनीताल नगर में ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था न होना, संकरी सडकें और सडकों पर बेतरतीब तरीके से वाहनों का खड़ा करना है। पार्किंग व्यवस्था पर एडमिनिस्ट्रेशन की अलग-अलग एजेंसियों काम कर रही हैं, जिनमें नगर पालिका परिषद नैनीताल तथा जिला विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी आदि द्वारा पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पार्किंग स्टैंड, चौराहा का चौड़ीकरण करने तथा नो पार्किंग जोन का चिन्हिकरण का कार्य गतिमान है।

डीएम ने कहा कि नैनीताल की पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ होने से निश्चित ही नगर की जनता और यहां आने वाले पर्यटकों को लाभ होगा। पर्यटन सीजन में तात्कालिक व्यवस्थाओं के अनुरूप ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए शहर के 17 स्थानों को नो पार्किंग जोन के रूप में चिन्हित किया गया है। परिवहन विभाग को उक्त स्थानों पर प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं ।

जिलाधिकारी ने डीएसए मैदान पार्किंग एंट्री मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान आरडब्ल्यूडी, जिला विकास प्राधिकरण, जल संस्थान, पीडब्ल्यूडी, बीएसएनएल आदि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीएसए मैदान में चल रहे कार्य के दौरान मैदान का स्वरूप खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाए जिसमें पार्किंग के प्रवेश मार्ग को चौड़ा कर व्यवस्थित करना, सीटिंग, लाइटिंग तथा पानी निकासी तथा शौचालय आदि की व्यवस्थाओं का समुचित ध्यान रखा जाए,तदोपरांत जिलाधिकारी ने बारापत्थरए रिक्शा स्टैंड मल्लीताल में चौराहों के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया जहां उन्होंने एक्शन पीडब्ल्यूडी रितेश सक्सेना को कार्य में तीव्रता लाए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निकट रोडवेज बस स्टैंड तल्लीताल चौराहा चौड़ीकरण के लिए पुलिस चौकी और पोस्ट आफिस शिफ्ट करने के लिए कहा। बस स्टैंड पास गली में किए जा रहे लाइन शिफ्टिंग के कार्यों में जल संस्थान और यूपीसीएल द्वारा बरती गई ढिलाई पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई और कार्य को पर्यटन सीजन से पूर्व शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ।

इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर नैनीताल, ईओ नगर पालिका परिषद नैनीताल तथा जिला विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी समेत आरडब्ल्यूडी व जल संस्थान तथा बीएसएनएल आदि सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवानिवृति पर जल निगम ने दी विदाई

नैनीताल। भीमताल स्थित अधिशासी अभियंता निर्माण शाखा उत्तराखंड पेयजल निगम में कार्यरत कुन्दन सिंह स्यूनरी वर्क ऐजेंट को उनकी सेवानिवृति पर जल निगम परिवार द्वारा विदाई दी गयी। विदाई समारोह में समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्यूनरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशासी अभियंता अशोक कुमार प्रजापति के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में सहायक अभियंता तथा अवर अभियंता,संगणक तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कुन्दन सिंह स्यूनरी के परिवार के सदस्य तथा सेवा निवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों ने भी अपनी-अपनी शुभ कामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की। समारोह का संचालन बिरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश ने कालाढूंगी किया क्षेत्र का दौरा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपने गृह क्षेत्र कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। पीली कोठी स्थित एक वेंकट हॉल से उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहाँ कि उन्हें सभी क्षेत्रों से जनता का आशीर्वाद व समर्थन मिल रहा है। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट गये है।

प्रकाश जोशी ने कहा कि अन्नदाता पिछले 1 साल से अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे है और भूमि बचाओ आंदोलन चला रहे है जो कि बहुत ही शर्मनाक बात है। राहुल गांधी जी पूरे देश में मजबूती से किसानों के सम्मान और न्याय की लड़ाई लड़ रहे है वैसे ही हम सब मिलकर उत्तराखंड के किसानों की हर लड़ाई को पूरी ईमानदारी के साथ लड़ेंगे।

इस दौरान हलद्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने हमेशा किसान और गरीब मजदूर वर्ग के दुख को समझा है और उनके हकों को सुरक्षित करने हेतु कानून बनाने का कार्य किया है। सुमित हृदयेश ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु अंतराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम और काम्प्लेक्स का गौलापार में निर्माण क्षेत्र के युवाओं के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया लेकिन भाजपा सरकार द्वारा लगातार इसकी अनदेखी कर युवाओं के विकास को बाधित करने का कार्य किया गया है जिसका जवाब युवा अपने वोट के रूप में देंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला भट्ट, मिडिया प्रभारी नीरज तीवारी, संजय कीरोला, किरन मेहरा, नीलू नेगी, अलका आर्या, गोविंद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

फिल्मी दुनिया

प्रियंका चोपड़ा ने उठाया टाइगर की रिलीज डेट से पर्दा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हाल ही में भारत से लौटकर यूएस पहुंचीं। अब वे अपने काम पर वापस आ चुकी हैं। अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम टाइगर है। उन्होंने डिज्नी प्लस हॉटस्टार फिल्म में मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। प्रियंका ने यह भी बताया कि फिल्म भारत के जंगलों पर आधारित है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा की। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, टाइगर एक ऐसी कहानी है, जो जंगल को पकड़ती है और उसके भीतर होने वाली हर चीज को सामने लाती है- प्यार, संघर्ष, भूख, अस्तित्व और बहुत कुछ की कहानियां। यह 22 अप्रैल को रिलीज होगी, जिसे विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। टाइगर आठ साल से बन रही थी। फिल्म के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए प्रियंका ने कहा कि भारत के हलचल भरे जंगलों में, जहां बड़े और छोटे, डरपोक और राजसी जीव घूमते हैं, वहां अंबा एक कालातीत विरासत वाली बाघिन है। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता बहुत ही शानदार ढंग से चमकता है।

रिलीज को लेकर उत्साहित

प्रियंका चोपड़ा अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे इस अविश्वसनीय कहानी में अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में बहुत मजा आया। मैं आप सभी के साथ जंगल का आनंद लेने का इंतजार नहीं कर सकती। प्रियंका ने इससे पहले 2016 की फिल्म द जंगल बुक में अपनी आवाज दी थी, जिसमें शाहरुख खान, आर्यन खान, नाना पाटेकर, ओम पुरी और शेफाली शाह की आवाजें भी थीं।

चार जिलों में बीएसएनएल के आठ आधार केंद्र ठप

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

बीएसएनएल के पूरे मंडल में आठ केंद्रों में आधार कार्ड बनाने का काम ठप हैं। इन केंद्रों में न तो नए आधार बन रहे हैं और न हीं इनमें संशोधन हो रहा है। मंडल के अधीन अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत के लोग आधार बनाने और इनमें संशोधन के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं।

बीएसएनएल ने अल्मोड़ा, रानीखेत, द्वाराहाट, बागेश्वर, धारचूला, पिथौरागढ़, डीडीहाट, लोहाघाट, चंपावत कार्यालय में नौ आधार केंद्र स्थापित किए हैं। सिर्फ अल्मोड़ा केंद्र में ही आधार कार्ड बनाने और इसमे संशोधन का काम शुरू हो सका है। अन्य आठ केंद्रों में रजिस्ट्रार कोड स्वीकार नहीं होने से काम ठप है। मार्च में यूआईडीएआई ने बीएसएनएल के यूपी और उत्तराखंड के रजिस्ट्रार को अलग तो कर दिया, लेकिन मशीनरी नया रजिस्ट्रार कोड स्वीकार नहीं कर रही।

मंडल के आठ केंद्रों में आधार मशीन नया रजिस्ट्रार कोड नहीं ले रही है। सिर्फ अल्मोड़ा में काम शुरू हो सका है। जल्द मशीनों का संचालन कर लोगों को राहत पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सुनील चंद्रा, नोडल अधिकारी, उपमंडल अभियंता प्रचालन, अल्मोड़ा।

News कॉर्नर

रजिस्ट्रार बने श्रीकांत चन्द्र

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट के ज्वाइंट रजिस्ट्रार श्रीकांत चन्द्र की पदोन्नति रजिस्ट्रार (हाईकोर्ट कैडर) पद पर हुई है । मुख्य न्यायधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार विजिलेंस कौशल किशोर शुक्ला की ओर से 22 मार्च को उक्त आशय की अधिसूचना जारी हुई है।

रामनगर विधानसभा के लिए आईपीएस बानिया पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

हल्द्वानी। भारत निर्वाचन आयोग ने गढ़वाल पौड़ी संसदीय क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन के लिए आईपीएस रोमिल बानिया को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व उपजिलाधिकारी राहुल साह ने दी है। उन्होंने बताया कि दो गढ़वाल लोक सभा क्षेत्र के 61 विधानसभा रामनगर के लिए बानिया को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से स बन्धित शिकायत के स बन्ध में प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 89793-75886 अथवा प्रेक्षक के कार्यालय सर्किट हाउस पौड़ी गढ़वाल में भी संपर्क किया जा सकता है।

सेवायोजन कार्यालय में हुई कर्मियों की तैनाती

अल्मोड़ा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में कनिष्ठ सहायकों के चार रिक्त पदों के सापेक्ष तीन कर्मियों की तैनाती हुई है। ऐसे में विभाग के साथ ही बेरोजगारों को राहत मिलेगी। सेवायोजन कार्यालय में 17 पदों के सापेक्ष सात कर्मी ही तैनात हैं। मार्च में यहां तीन कनिष्ठ सहायकों की तैनाती हुई है। कर्मियों की तैनाती होने से अब रोजगार पंजीकरण, नवीनीकरण, रोजगार मेले, कॅरिअर काउंसलिंग कार्यों को गति मिलने की गति मिलने की उम्मीद है।

मौसम की तरह जनता की थाह पाना मुश्किल, नैनीताल लोकसभा सीट ने दिग्गजों को चटाई धूल

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

लोकसभा सीटों के मामले में भले ही उत्तराखंड छोटे राज्यों में शुमार है, लेकिन यहां की राजनीति का दायरा राष्ट्रव्यापी है। मौसम की तरह ही यहां के राजनेताओं का मिजाज और जनता के मन की थाह पाना नामुमकिन है। शायद यही कारण है कि राजनीति के सूरमाओं को भी उत्तराखंड की धरती में अप्रत्याशित हार देखने को मिली है। खासकर नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर मुकाबला हमेशा ही रोचक रहा है। आजादी के बाद से ही नैनीताल संसदीय सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। नैनीताल संसदीय सीट पर 11 बार कांग्रेस, चार बार भाजपा औश्र एक बार जनता दल प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। इस सीट से केसी पंत इकलौते नेता रहे हैं जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई है। हालांकि एनडी तिवारी इस सीट से चार बार चुनाव लड़े लेकिन जीत की हैट्रिक वह भी नहीं बना पाए। वर्ष 1989 में हुएए आम चुनाव जनता दल के महेंद्र पाल ने जीत दर्ज की थी। 1991 में रामलहर में भाजपा के बलराज पासी विजयी रहे थे। नैनीताल संसदीय सीट इकलौती ऐसी सीट रही है जिसने बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ा है। इस सीट से दिग्गज नेताओं में शुमार एनडी तिवारी को तब हार का मुंह देखना पड़ा जब वह प्रधानमंत्री के प्रबल दावेदार थे। अलग राज्य बनने के बाद भी कांग्रेस की इस सीट पर मजबूत पकड़ रही। 2004 और 2009 के आम चुनाव में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा दो बार सांसद रहे। लेकिन 2014 के बाद समीकरण बिगड़ गए। 2014 और 2019 में भाजपा इस सीट पर विजयी रही।

नारायण दत्त तिवारी व हरीश रावत को करना पड़ा था हार का सामना

साल 1991 में अविभाजित उत्तर प्रदेश में सीएम रहे एनडी तिवारी ने नैनीताल लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमाई। जबकि उत्तराखंड में सीएम रहे हरीश रावत ने साल 2019 में इस सीट से चुनाव लड़ा था। दोनों ही कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता हैं। लेकिन साल 1991 और 1996 में और साल 2019 दोनों नेताओं को जनता ने नकार दिया था।

हरदा को लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झेलनी पड़ी थी हार

कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इकलौते ऐसा नेता रहे हैं जिन्हें इस सीट पर लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरीश रावत को अजय भट्ट ने 3 लाख से ज्यादा के अंतर हराया था। जबकि लालकुआं विधानसभा सीट पर भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था।

निजी कंपनी के चेक पोस्ट पर खनन वाहनों को लेकर विवाद, दो घायल

बाजपुर
हमारे संवाददाता

बाजपुर के पिपलिया स्थित कैलाश रिवर बैंड मिनरल एलएलपी के रायल्टी चेक पोस्ट पर वाहनों को लेकर पथराव और फायरिंग हो गई।

घटना हेल्पर सहित दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो राइफल, एक पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है। पिपलिया स्थित कैलाश रिवर बैंड मिनरल एलएलपी के रायल्टी चेक पोस्ट पर वाहनों को लेकर पथराव और फायरिंग हो गई। घटना हेल्पर सहित दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो राइफल, एक पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के मुकदमा दर्ज किया है। रविवार रात साढ़े बारह बजे सुल्तानपुर पट्टी के गांव पिपलिया स्थित कैलाश रिवर बैंड मिनरल एलएलपी के चेक पोस्ट पर खनन वाहनों को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान हुई फायरिंग और पथराव से अफरातफरी मच गई। घटना में सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला आदर्शनगर निवासी मोहित और यूपी के गांव घोसीपुर रामपुर निवासी फरमान अली घायल हो गए। घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाजपुर कोतवाल मनोज रतूड़ी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। रातभर पुलिस बल तैनात रहा। पथराव से मौके पर खड़ी चार वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस टीम ने चेक पोस्ट कक्ष से दो राइफल और एक खोखा भी बरामद किए हैं। पांच दिन में माइनिंग कंपनी के दो चेक पोस्ट पर दो घटनाएं हो चुकी है। बुधवार को यूपी बार्डर दोराहा चेक पोस्ट पर खनन से भरे डंपर को रोकने पर दो पक्षों के बीच धक्का मुक्की हुई थी। इसमें मोहल्ला मजरा प्रभु निवासी विजय कुमार ने तहरीर देकर डंपर चालक पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस मामले में दोराहा पुलिस अभी जांच कर रही है। इधर सुल्तानपुर पट्टी स्थित पिपलिया चेक पोस्ट पर वाहनों को लेकर भी पथराव और फायरिंग की घटना हुई है।

अन्नराम आर्य, सीओ बाजपुर ने बताया कि कंपनी मैनेजर विनय कुमार आहलूवालिया और सुल्तानपुर पटटी निवासी माजिद तहरीर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी को सौंपी गई है। पुलिस ने मौके से माइनिंग कंपनी चेक पोस्ट से लाइसेंसी दो राइफल, एक पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है।

हल्द्वानी एकेडमी और जीएनजी ने जीते मैच, परितोष व गोविंद ने जड़े शतक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला लीग में दो मुकाबले खेले गये। गौलापार स्थित मैदान में खेले गये मैच में हल्द्वानी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 47 ओवर में सभी विकेट खोकर 342 रन बनाये। परितोष राणा ने 124, पारस मेहरा ने 77, लक्ष्य नयाल ने 62 रन का योगदान दिया,गट्स एंड ग्लोरी के लिये पीयूष जंतवाल ने 4 जबकि प्रतीक तिवारी ने 3 विकेट लिये। जबाब में खेलने उतरी गट्स एंड ग्लोरी की पूरी टीम 49 ओवर 91 रन बनाकर पवेलियन लौट आई और मैच को 251 रन से हार गई। टीम के लिये राहुल कनवाल और पीयूष जंतवाल ने 13-13 रन का योगदान दिया। हल्द्वानी क्रिकेट एकेडमी के पंकज ने 6 विकेट और उज्जवल ने 2 विकेट लिये, दूसरा मैच कमलुवागांजा स्थित मैदान में जीएनजी क्रिकेट एकेडमी और एसआरएस क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया, एस आर एस ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 47 ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाये। टीम के लिये गोविंद सिंह भंडारी ने 118 रन और उज्जवल सिंह ने 36 रन का योगदान दिया। जी एन जी के लिये देव ने 4 विकेट,राघव जोशी और लक्ष्य राज ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में खेलने उतरी जीएनजी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 26 वे ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर पूरा कर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। टीम के लिये हर्षित सडाना ने 99 रन, लक्ष्य राज ने 96 रन के योगदान से टीम को विजय दिला दी। एसआरएस के लिये विशाल खाती ने 2 विकेट लिये।

समाजसेवियों ने लावारिस शव का दाह संस्कार कराया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

समाजसेवियों ने एक और लावारिस का अंतिम संस्कार कराया। बीते छह माह में अब तक समाजसेवी 55 शवों का दाह संस्कार करा चुके हैं।

आज मंगलवार को समाजसेवी हेमंत गोनिया, अमित रस्तोगी व हरीश जोशी ने चित्रशिला घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह में लावारिस का अंतिम संस्कार कराया।

गोनिया ने बताया कि 35 साल के युवक का हिंदू रीतिरिवाज से संस्कार कराया गया। इस युवक की सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई थी, पिछले तीन दिन से शव मोर्चरी में र ा गया था। परिजनों के सामने न आने पर समाजसेवियों ने उसकी अंत्येष्टि कराई।

दवा के धोखे में पी लिया कीटनाशक, मौत

हल्द्वानी। एक महिला ने दवा के धोखे में कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हाथीखाल घोड़ाखाल निवासी कमला देवी (68) पत्नी भुवन चंद्र बीमार चल रही थी। मंगलवार की सुबह उन्होंने दवा के धोखे में कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

छात्र प्रिंस ने जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

पीरूमदारा स्थित मेहरा पब्लिक स्कूल के द्वारा चलाये जा रहे गुरुकुल कार्यक्रम के परिणामस्वरूप स्कूल के 5वी कक्षा के छात्र प्रिंस ने जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर एडमिशन मेरिट सूची में स्थान पाया है। इस खबर से परिवार में खुशी का माहौल है। प्रिंस के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं वही मां स्कूल में टीचर हैं। प्रिंस ने इस सफलता का श्रेय

अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

मेहरा पब्लिक स्कूल के निदेशक पंकज सिंह मेहरा ने प्रिंस तथा उसके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रिंस को स्कूल ने अपने प्रमुख कार्यक्रम गुरुकुल के तहत तैयार किया था, और बताया कि सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए गुरुकुल कार्यक्रम एकवर्षीय और द्विवर्षीय रूप में स्कूल द्वारा संचालित किया जाता है। स्कूल निदेशक ने सभी माता-पिता से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए गुरुकुल कार्यक्रम से जुड़ने का आग्रह किया।

पुलिस को दिया चकमा मुरादाबाद से अल्मोड़ा पहुंची शराब की 15 पेटियां पकड़ीं

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

चौखुटिया में एसओजी, एएनटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने शराब की 15 पेटियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक रात में यह शराब ठिकाने तक पहुंचाई जा रही थी और तस्कर मुरादाबाद से इसे लेकर यहां पहुंच गया।

पुलिस ने बताया कि गनाई कस्बे में भटगवा, मुरादाबाद से पहुंचे साजित हुसैन के पास से शराब की 15 पेटियां बरामद की गईं। तस्कर कई चौकियों को पार कर अवैध शराब के साथ यहां पहुंचा। उसका चुनावी सीजन में यहां पहुंचना अन्य जिलों की पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह है।

सीओ विमल प्रसाद ने कहा अवैध शराब किस तक पहुंचाई जानी थी, पुलिस यह जानकारी भी जुटा रही है। कहा आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

सल्ट में नल से नहीं आया जल, टैंकर से बांटा पानी

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

सल्ट के 25 से अधिक गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। पिछले आठ दिन से यहां के नल सूखे हैं। इससे 15 हजार से अधिक की आबादी परेशान है। हालांकि, जल संस्थान ने शनिवार को इलाके में टैंकर से पानी बांटा लेकिन यह नाकाफी था।

सल्ट के शशिखाल, तहसील चौक, जालीखान, भ्याड़ी, डहला, पीपलटनोला, कवराढैया, नौपटुवा, पोखरी, देवायल, हिनौला, रिक्रांसी, काने, खलपाटी, भिने, झड़गांव सहित 25 से अधिक गांवों की प्यास बुझाने के लिए बनी शशिखाल-कोटेश्वर पंपिंग योजना से जलापूर्ति ठप है। इलाके में शनिवार को टैंकर से पानी बांटा गया।

टैंकर की सूचना मिलते ही लोग खाली बर्तनों के साथ इसका इंतजार करते रहे। हालांकि कुछ देर बाद ही टैंकर खाली हो गया और लोग मायूस होकर घर लौटे। इसके बाद प्राकृतिक जल स्रोतों और हैंडपंप की दौड़ लगानी पड़ी। योजना से जलापूर्ति सुचारू न होने से लोगों में जल संस्थान के खिलाफ आक्रोश है।

संवाद

पानी भरने में बीत रहा है समय: सल्ट क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों का भी खासा अभाव है। बीते आठ दिनों से योजना का साथ न मिलने से क्षेत्र के लोग कई किमी दूर प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं। भीड़ अधिक होने से उन्हें अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में उनका अधिकतर समय पानी की व्यवस्था करने में बीत रहा है। जलापूर्ति कब सुचारू होगी, इसका स्पष्ट जवाब अधिकारियों के पास भी